waiting list in different parts of the Gujarat State?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPT. SATISH SHARMA): (a) The target for giving new LPG connections in the country during 1993-94 has been fixed at 10 lakhs.

(b) During the period 1990—93 a total of 1.34 lakhs new connections have been released in Gujarat.

(c) to (e) As on 1-7-93 there were 6.48 lakhs applicants on the waiting list in Gujarat. Efforts are constantly on to release LPG connections to as many applicants and as early as possible, subject to product availability.

Kerosene distributed through PDS

2949. SHRI RAJUBHAI A. PARMAR: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government have released 2.5 lakhs tonnes of kerosene for distribution through Public Distribution System in addition to quota already released in the country; and

(b) if so, how much quota of kerosene allotted to Gujarat out of the extra quota released recently?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPT. SATISH SHARMA): (a) It has been planned to release an extra 2.5 lakhs MTs of kerosene in 1993-94 through the Public Distribution System.

(b) Allocations to States/UTs out of additional availability are being worked out.

रसोई गैस डीलरशिप को रद्द किया जाना

2950. **श्री रामगोपाल यादव** : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1992-93 के दौरान उत्तर प्रदेश में कितनी रसोई गैस एजेंसियों तथा पेट्रोल के खुदरा बिक्री केन्द्रों का वितरण अधिकार रद्द कर दिया गया है; और

(ख) प्रत्येक वितरण अधिकार को रद्द करने के क्या कारण हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) वर्ष 1992-93 के दौरान उत्तर प्रदेश में एल पी जी की एक एजेंसि और एक खुदरा बिक्री केन्द्र की डीलरशिप परिसमाप्त की गई थी ।

(ख) दोनों परिसमाप्तियां गंभीर कदाचारों के कारण की गई थीं ।

"विपणन अनुशासन दिशा निर्देश" का कार्यान्वयन

2951. **श्री कामेश्वर पासवान** : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री 16 दिसम्बर, 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 3435 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एल पी जी के उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने के लिए "विपणन अनुशासन दिशा निर्देश" लागू होने के बावजूद तेल कंपनियों के वितरक उपभोक्ताओं को उन्हीं से ही डॉट प्लेट खरीदने को बाध्य करते हैं जो कि खुले बाजार से महंगा होता है;

(ख) क्या सरकार गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार में लिप्त वितरकों को चेतावनी पत्र जारी करने का विचार रखती है जैसा कि सिवान, बिहार में इंडियन आयल कारपोरेशन के वितरक मेसर्स पार्वती गैस सर्विस के मामले में किया गया था; और

(ग) क्या सरकार सिवान, बिहार में इंडियन आयल कारपोरेशन के वितरक मैसर्स पार्वती गैस सर्विस के विरुद्ध लंबित आरोपों की, जिनमें कुछ माननीय संसद सदस्यों के भी आरोप हैं, उच्च स्तरीय जांच करवाकर उसे इंडित करने का विचार रखती है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) ग्राहकों को किसी भी स्रोत से डॉट प्लेट खरीदने की स्वतंत्रता है बशर्ते इस पर आई एस आई चिन्ह लगा हो ।

(ख) जांच के बाद शिकायतों के साबित हो जाने पर दोषी वितरकों के विरुद्ध तेल कंपनियों द्वारा एल पी जी विपणन प्रशासन दिशा निर्देशों के तहत कार्रवाई की जाती है जिसमें चेतावनी पत्रों का जारी किया जाना शामिल है ।

(ग) बिहार में मेसर्स पार्वती गैस एजेंसि के विरुद्ध डिस्ट्रीब्यूटरशिप के गलत ढंग से कार्य करने के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई थीं । इंडियन आयल कारपोरेशन लि० द्वारा इस डिस्ट्रीब्यूटर को सावधानी का पत्र जारी किया गया और दंडात्मक कार्रवाई के रूप में डिस्ट्रीब्यूटर को नए कनेक्शन देना बंद कर दिया गया है ।

Private Sector In the Field of Import and Distribution On LPG

2952. SHRI RADHAKISHAN MALAVIYA: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether Government have taken a decision to allow private sector in the field of import and distribution of LPG;

(b) what are the guidelines/norms in this regard;

(c) what is the number of companies and parties that have come forward for import of LPG; and

(d) what machinery Government have evolved for administering control over prices of imported products?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPTAIN SATISH SHARMA): (a) and (b) Under the Parallel Marketing System, private agencies have been allowed to import LPG, using/setting up their own facilities, LPG bottling plants and distribution network for sale of such imported LPG at market prices.

(c) More than 280 entrepreneurs/firms/companies including multinationals have shown interest in parallel marketing of LPG, including its import.

(d) The prices of product under Parallel Marketing System would be market determined and not controlled.

तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग के पटना स्थित कार्यालय को असम स्थानान्तरित किया जाना

2953. **श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी**: क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग का पटना स्थित कार्यालय असम स्थानान्तरित किया गया है अथवा स्थानान्तरित किये जाने का प्रस्ताव है;

(ख) क्या सरकार को उक्त निर्णय के विरुद्ध पटना नगर में विभिन्न संगठनों द्वारा चलाये जा रहे आंदोलन की जानकारी है; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं अथवा उठाये जाने का विचार है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा): (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

गैस सिलेंडरों तथा रेगुलेटरों की आपूर्ति का हिसाब किताब रखा जाना

2954. **श्री कामेश्वर पासवान**: क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तेल कंपनियां अपने वितरकों को दिये जाने वाले गैस सिलेंडरों तथा रेगुलेटरों और उसका पंजीकृत उपभोक्ताओं में वितरण का कोई हिसाब किताब रखती हैं;

(ख) यदि हां, तो इंडियन आयल कारपोरेशन द्वारा अपने सिवान, बिहार के वितरक, मैसर्स पार्वती गैस सर्विस को कितने गैस सिलेंडर दिये गये तथा उसके अधिकृत उपभोक्ताओं की संख्या कितनी है;

(ग) क्या यह भी सच है कि उक्त वितरक मैसर्स पार्वती गैस सर्विस का भ्रष्टाचार इतना बढ़ गया है कि वह वर्षों से पंजीकृत करा कर प्रतीक्षारत उपभोक्ताओं को भी गैस नहीं देता है जिसका एक उदाहरण श्री शिवनाथ पाण्डे दीन दयाल नगर, सिवान है जिनका उपभोक्ता पंजीकरण सं० 010666, दिनांक 5 जुलाई, 1983 है; और

(घ) एल पी जी उपभोक्ताओं का एल पी जी वितरकों तथा कंपनियों के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा किये जाने वाले शोषण को रोकने के लिए सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है और उनका किस तरह उपयोग हो रहा है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा): (क) जी, हां।

(ख)

महीना	ग्राहकों की संख्या	सप्लाई किए गए रिफिल सिलेंडरों की संख्या
मई, 1993	4499	3888
जून, 1993	4518	3564
जुलाई, 1993	4522	4212

(ग) इंडियन आयल कारपोरेशन लि० के अनुसार मैसर्स पार्वती गैस सर्विस के यहां 1983 की स्थिति के अनुसार जो प्रतीक्षा सूची थी वह 84-85 में समाप्त हो गई। ऐसा लगता है कि गैस कनेक्शन लेने के लिए डिस्ट्रीब्यूटर द्वारा भेजे गए सूचना पत्र का श्री शिवनाथ पाण्डे ने उत्तर नहीं दिया।

(घ) कदाचार को रोकने के लिए विपणन अनुशासन दिशा-निर्देशों के तहत कार्रवाई करने हेतु तेल कंपनियों को प्राधिकृत किया गया है। तेल कंपनियों द्वारा "ग्राहक सेवा कक्ष" स्थापित किए गए हैं और इन कक्षों द्वारा प्राप्त शिकायतों की जांच की जाती है और यदि प्रमाणित हो जाता है तो संबंधित कंपनी द्वारा डिस्ट्रीब्यूटर के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाती है।

Import of Oil and Petroleum Products from UAE

2955. SHRI RAMENDRA KUMAR YADAV 'RAVI': Will the Minister of PET-